# शहर में 138 में से अभी तक 9 हैंडपंप ने तोड़ा दम

**खास बातें**

- 38 कुएं व 100 बोर पर लगे हैं हैंडपंप
- गर्मी की आहट, गिरने लगा भूजल स्तर

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज 24 अप्रैल, क्षेत्र में इन दिनों गर्मी ने असर दिखाना शुरु कर दिया है. क्षेत्र में गर्मी की शुरुआत के साथ ही भूजल स्तर में भी गिरावट आने लगी है. गर्मी की शुरुआत में ही अभी तक शहर के करीब 138 में से 9 हैंडपंप से पानी निकलना बंद हो गया हैं. वहीं कई कुयें, बावड़ियों के जलस्तर में गिरावट दिख रही है. आगामी दिनों में तापमान में ओर अधिक बढ़ोत्तरी होने एवं गर्मी बढ़ने पर भूजल स्तर में ओर अधिक कमी होने की संभावना है. जिससे पानी की कमी से कई ओर हैंडपंप बंद हो सकते हैं.**





### गर्मी की शुरुआत में ही सूखने लगा प्राचीन तालाब, जलसंकट की बढ़ी आशंका

शहर में स्थित प्राचीन तालाब में भरपूर पानी भरे रहने से आसपास के क्षेत्र के कुएं, बावड़ियां एवं हैंडपंपों को भी लाभ मिलता है.लेकिन गर्मियों की शुरुआत होते ही इस तालाब का जलस्तर कम होने लगा है.इसका सीधा असर क्षेत्र के कुओं और हैंडपंपों पर भी आने वाले दिनों में देखने को मिल सकता है. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते तालाब के संरक्षण और जलभराव की उचित व्यवस्था नहीं की गई, तो गर्मी बढ़ने के साथ जलसंकट और गहरा सकता है.

नपा के उपयंत्री सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि फिलहाल शहर में नगरपालिका द्वारा करीब 138 हैंडपंप का रखरखाव किया जाता हैं. जिनमें से करीब 38 हैंडपंप कुयें, बावड़ियों पर लगे हैं. जबकि करीब 100 हैंडपंप बोर पर लगे हुये हैं. इनमें से पानी की कमी होने से अभी तक 9 हैंडपंप से पानी निकलना बंद हो चुका हैं. वही सूत्रों की माने तो शहर के साथ ही ग्रामीण अंचलों के कई कुयें, बावड़ी के जलस्तर में भी गिरावट आने लगी है. गर्मियों की शुरुआत में ही भूजल स्तर में गिरावट होने से ग्रामीण अंचलों में भी कई हैंडपंप से पानी निकलना बंद होने लगा है. जिसके कारण कई जगह ग्रामीणों को परेशान का सामना करना पड़ सकता है. वही आगामी दिनों में तापमान बढ़ने एवं गर्मी ओर बढ़ने पर भूजल स्तर में ओर कमी आ सकती है, जिससे कई ओर हैंडपंप पानी की कमी से बंद हो सकते है. वही लोगों का मानना है कि शहर का प्राचीन तालाब, जो आसपास के जल स्रोतों के लिए महत्वपूर्ण है, उसमें भी पानी का स्तर कम होने लगा है.

# किसानों के सम्मान में युवा कांग्रेस मैदान में

**10वें दिन उमड़ा जनसैलाब**

**पदयात्रा और गांव-गांव चौपाल की घोषणा**



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 24 अप्रैल, किसानों की समस्याओं और अधिकारों को लेकर युवा कांग्रेस द्वारा चलाया जा रहा किसान न्याय सत्याग्रह दसवें दिन भी पूरे जोश और उत्साह के साथ जारी रहा. इस अवसर पर युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश गंगोरिया, प्रदेश प्रभारी शिवी चौहान एवं प्रदेश उपाध्यक्ष गीता कड़वे विशेष रूप से मौजूद रहे और कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया.**

प्रदेश अध्यक्ष यश गंगोरिया ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि युवा कांग्रेस किसानों को न्याय दिलाने के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी. उन्होंने घोषणा की कि सत्याग्रह के बाद पदयात्रा निकाली जाएगी और गांव-गांव में चौपाल लगाकर किसानों को जागरूक किया जाएगा.प्रदेश प्रभारी शिवी चौहान ने कहा कि पंजाब और हरियाणा के किसान आंदोलनों की तरह मध्यप्रदेश के किसानों को भी अपने हकों के लिए संगठित होना होगा. बिना एकजुटता के किसानों की समस्याओं का समाधान संभव नहीं है.

### प्रदेश नेतृत्व की मौजूदगी में गरजा आंदोलन

प्रदेश उपाध्यक्ष गीता कड़वे ने कृषि क्षेत्र में महिलाओं की अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि इस संघर्ष में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है, ताकि उनकी आवाज भी मजबूती से उठ सके.युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आकाश शर्मा ने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व के निर्देशों का पूरी निष्ठा से पालन किया जाएगा और आगामी आदेश तक सत्याग्रह लगातार जारी रहेगा.इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, पूर्व विधायक निशंक जैन, सुधीर उपाध्याय, बाबू पिंगली, राजेश महेश्वरी, विकास शर्मा, संतोष शर्मा, अमित दुबे 'पट्टू', जगदीश सुहाने, राहुल ठाकुर, पृथ्वी सिंह, मनी अहिरवार, प्रकाश मिश्रा, अदनान भाई, आबिद हुसैन, जिनेश जैन, सुजीत देवरिया, जगदीश व्यास, बंटी गुर्जर, दीक्षा लोधी, सीमा अहिरवार, जफर शेख, अन्नू कासिम, गोविंद भार्गव, घनश्याम शर्मा, तोरण सिंह रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## जल योजनाओं का लीकेज सुधार कार्य, पेयजल स्त्रोतों का परीक्षण

**नवभबरत न्यूज**

**विदिशा,** प्रदेश व्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में नल जल योजनाओं का लीकेज सुधार कार्य, पेयजल स्त्रोतों का परीक्षण, प्रशिक्षण एवं पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण कार्य सतत रूप से किया जा रहा है. इसी क्रम में विकासखंड ग्यारसपुर में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री अनुपम गहोई एवं सहायक यंत्री प्रताप सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में विकासखंड समन्वयक महेन्द्र नारायण सिंह दोगने, भानु प्रताप धाकड़, ब्रजेश सक्सेना और उपयंत्री पुष्पेंद्र दांगी द्वारा आंगनवाड़ी सेक्टर केंद्र अटारीखेजडा, गुलाबगंज, वन जागीर, ग्यारसपुर में कुल 120 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिका एवं सुपरवाइजर को एफटीके के माध्यम से जल परीक्षण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया साथ ही आंगनवाड़ी केंद्रों के पेयजल स्त्रोत के 120 जल नमूने एकत्रित करने की गतिविधि सम्पन्न कराई गई.

**एक नजर में**

### जिला पंचायत की सामान्य बैठक 29 को

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,**जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी की अध्यक्षता में जिपं की सामान्य बैठक बुधवार 29 अप्रैल को आयोजित की गई है यह बैठक जिला पंचायत के सभागार कक्ष में दोपहर 12 बजे से शुरू होगी.

### शनिवार को भी जारी रहेगी स्लॉट बुकिंग व खरीदी

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** शासकीय अवकाश होने के बावजूद शनिवार को भी किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्लॉट बुकिंग एवं उपार्जन केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर खरीदी कार्य निरंतर जारी रहेगा. प्रशासन द्वारा यह निर्णय इसलिए लिया गया है ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और निर्धारित समय सीमा में खरीदी कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके.जिला प्रशासन के निर्देशानुसार सभी उपार्जन केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं. संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे केंद्रों पर किसानों के लिए पेयजल, छाया, तौल व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो.इसके साथ ही स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया भी नियमित रूप से संचालित की जाएगी, जिससे किसान अपनी सुविधा अनुसार समय निर्धारित कर उपज विक्रय हेतु केंद्रों पर पहुंच सके. प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित स्लॉट के अनुसार ही केंद्रों पर पहुंचे और खरीदी प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करें.प्रशासन का उद्देश्य है कि समर्थन मूल्य पर खरीदी कार्य पारदर्शी, व्यवस्थित एवं किसानों के हित में समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जा सके.



## अड़ीबाजी व मारपीट के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में जिले में चोरी, नकबजनी एवं अन्य गंभीर अपराधों की रोकथाम हेतु विशेष अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है. इसी क्रम में थाना मुगलसराय पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए अड़ीबाजी एवं मारपीट के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है.**

जानकारी के अनुसार बीते दिनों थाना मुगलसराय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चोपना कला में अड़ीबाजी एवं मारपीट की घटना की सूचना प्राप्त हुई. घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची. मामले में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई. घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था. पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास करते हुए तकनीकी एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया. पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक के.के. पवार, प्रधान आरक्षक संतोष कुमार, आरक्षक सुखजिंदर सिंह एवं आरक्षक राजेश रघुवंशी की सराहनीय भूमिका रही.

## साकेत एमजीएम स्कूल का प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

- 99 प्रतिशत अंक लाकर आकांक्षा जिले में प्रथम
- 23 ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक किए हासिल



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा. साकेत एम.जी.एम. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, विदिशा ने सत्र 2025-26 में ऐतिहासिक परीक्षा परिणाम दर्ज किया है. विद्यालय के 165 विद्यार्थियों में से 23 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. छात्र आकांक्षा सक्सेना ने 99 प्रतिशत अंक अर्जित कर पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया.**

इन मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में विद्यालय परिसर में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एएसपी प्रशांत चौबे तथा विशिष्ट अतिथि एसएटीआई के डायरेक्टर प्रो. डॉ. वाय. के. जैन रहे. संस्था के चेयरमैन अतुल शाह, वाइस चेयरमैन प्रमोद व्यास एवं डायरेक्टर कुशाग्र दीक्षित भी मंच पर उपस्थित रहे.कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजन एवं योग प्रदर्शन के साथ हुआ. मुख्य अतिथि प्रशांत चौबे ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम और आत्मसंयम ही सफलता की कुंजी है तथा नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहना चाहिए. उन्होंने छात्रों को व्यसन-मुक्त जीवन की शपथ भी दिलाई.प्रो. डॉ. वाय. के. जैन ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों का पालन-पोषण निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और उन्हें सही मार्गदर्शन देना अभिभावकों की जिम्मेदारी है. चेयरमैन अतुल शाह ने सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया.समारोह में सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का संचालन अभिषेक शेवडे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन प्राचार्य द्वारा किया गया.

## भीषण गर्मी से हड़ताली कर्मचारियों की तबियत बिगड़ी

**7 माह से वेतन न मिलने पर आंदोलन जारी**

**42 डिग्री तापमान में दो कर्मचारी बीमार**

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा. एसएटीआई पॉलिटेक्निक के कर्मचारी पिछले 7 माह से वेतन न मिलने के विरोध में हड़ताल पर बैठे हुए हैं. अब भीषण गर्मी ने उनकी परेशानियां और बढ़ा दी हैं. करीब 42 डिग्री तापमान में धरने पर बैठे कर्मचारियों में से दो की तबीयत खराब हो गई, जिन्हें घर पर आराम करने की सलाह दी गई है.**

धरने पर मौजूद अन्य कर्मचारियों के स्वास्थ्य पर भी गर्मी का प्रतिकूल असर पड़ रहा है. इसके बावजूद अब तक शासन और प्रबंधन की ओर से कोई स्पष्ट रुख सामने नहीं आया है, जिससे कर्मचारियों में नाराजगी बनी हुई है.इस हड़ताल का असर संस्थान के लगभग 850 विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों पर भी पड़ रहा है. कक्षाएं कब शुरू होंगी, इसको लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिलने से छात्र-छात्राएं और उनके परिजन चिंतित हैं. वहीं, भीषण गर्मी के बीच पढ़ाई पूरी करने को लेकर भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है.इस संबंध में एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष पार्थ सिंह रघुवंशी एवं अन्य छात्र नेता, साथ ही शिवसेना के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और हड़ताली कर्मचारियों व प्राचार्य से चर्चा की. उन्होंने छात्रों के भविष्य को लेकर चिंता जताते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया, तो छात्रों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा.

## 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित




**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** निर्मला कॉवेंट स्कूल में सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के प्रारंभ में कक्षा 10 वीं बोर्ड में 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को उनके परिजनों के साथ जयघोष के साथ असेंबली ग्राउंड तक लेकर आये. इसके उपरांत विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर टेंसी ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुये उनके परिजनों का आभार जताया. विद्यालय के प्रबंधक फादर एण्टोनी एवं हाई स्कूल के विषय शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया. कार्यक्रम में केक काट कर विद्यार्थियों की सफलता का जश्न मनाया गया.

### विद्यार्थियों ने साझा किये सफलता के मंत्र

कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 97.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर नगर में प्रथम स्थान अर्जित करने वाली छात्रा जेनी तलरेजा ने विद्यार्थियो के साथ अनुभव सांझा करते हुये कहा कि बोर्ड परीक्षा में सफलता के लिये मन लगाकर पढ़ाई करने और स्वयं पर विश्वास रखने की आवश्यकता है. वही प्रयाग साहू, परी गोयल, अमरदीप तिग्गा, अर्थ गर्ग, कुनाल रघुवंशी, अनुष्का जैन, शुभी शर्मा एवं स्वास्ति जैन ने भी जूनियर विद्यार्थियों के साथ सफलता के मंत्र सांझा किये. कार्यक्रम का संचालन डॉ. असमा शादिक ने किया. कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ.

## भारतीय किसान संघ ने प्रभारी मंत्री से की मुलाकात

- स्लॉट बुकिंग और खरीदी केंद्रों की अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी



**नवभारत न्यूज**

**पठारी. भारतीय किसान संघ तहसील पठारी के पदाधिकारियों ने समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों पर आ रही समस्याओं को लेकर जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल से मुलाकात की और किसानों की परेशानियों से अवगत कराया.**

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि बड़े किसानों को स्लॉट बुकिंग में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. वहीं जिन किसानों की स्लॉट बुकिंग हो भी रही है, वे खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्था और मनमानी के कारण परेशान हैं.किसान संघ ने इन समस्याओं को लेकर प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपा. इस पर मंत्री लखन पटेल ने आश्वासन दिया कि आगामी दो दिनों के भीतर व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा.

**परेशानी** | **करोड़ों की योजनाएं कागजों तक सीमित, जलसंकट और कटौती से त्रस्त आमजन**

# भीषण गर्मी में सांची बेहाल, बिजली-पानी ने छोड़ा साथ

**नवभारत न्यूज**

**सांची. विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक नगरी सांची इन दिनों भीषण गर्मी के बीच मूलभूत सुविधाओं के गंभीर संकट से जूझ रही है. बढ़ते तापमान के साथ बिजली और पानी की बदहाल व्यवस्था ने आमजन का जीवन कठिन बना दिया है. हालात यह हैं कि प्रशासन और सरकार के दावे जमीनी स्तर पर बेमानी साबित हो रहे हैं.**



नगर में विकास के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद कई क्षेत्रों में सड़क, नाली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं आज भी अधूरी हैं. जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते लोगों में आक्रोश व्याप्त है. नागरिकों का कहना है कि सीएम हेल्पलाइन तक शिकायतें पहुंचाने के बावजूद समाधान केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित नजर आ रहा है.गर्मी बढ़ने के साथ ही पेयजल संकट विकराल रूप ले चुका है. पहले जहां सीमित समय के लिए जलापूर्ति हो रही थी, अब दो दिन में एक बार पानी दिया जा रहा है, वह भी अनिश्चित समय पर. इससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

नगर में जल संवर्धन योजना के तहत करीब 1.25 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए थे. वर्ष 2020 में शुरू हुई इस योजना का उद्देश्य 2023 तक हर घर जल पहुंचाना था, लेकिन समय सीमा बीतने के बाद भी योजना अधूरी है. पाइपलाइन बिछाने के नाम पर सड़कों को खोद दिया गया, लेकिन जलापूर्ति व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं हो सका.सांची को कभी 24 घंटे बिजली आपूर्ति के लिए वीआईपी श्रेणी में रखा गया था, लेकिन वर्तमान में बिजली आने-जाने का कोई निश्चित समय नहीं है. बार-बार केबल जलने और अनियमित सप्लाई से हालात और बिगड़ गए हैं. बिजली की इस अव्यवस्था का सीधा असर पेयजल आपूर्ति पर भी पड़ रहा है.

### जिम्मेदारों की अनदेखी, नहीं मिल रहा समाधान

सबसे चिंताजनक बात यह है कि मंडल के जिम्मेदार अधिकारी क्षेत्र में उपलब्ध नहीं रहते और फोन कॉल का जवाब भी नहीं देते, जिससे आमजन की समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है. संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका.विश्व धरोहर की पहचान रखने वाला सांची आज मूलभूत सुविधाओं के अभाव में उपेक्षा का दंश झेल रहा है. लगातार बढ़ती समस्याओं ने आमजन के सामने गंभीर संकट खड़ा कर दिया है. यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में हालात और बिगड़ सकते हैं.

## जिपं सीईओ ने किया ग्यारसपुर में सघन निरीक्षण

**मनरेगा कार्यों में तेजी के निर्देश**

**घटेरा तालाब में किया श्रमदान**



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया आज द्वारा जनपद पंचायत ग्यारसपुर अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों—अटारीखेजड़ा, घटेरा एवं पुरागोसाई—में संचालित मनरेगा कार्यों का गहन एवं सघन निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं श्रमिकों की उपस्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए.**

सीईओ ने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी मनरेगा कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किए जाएं.उन्होंने कार्य स्थलों पर पर्याप्त संख्या में श्रमिकों को नियोजित करने के निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि समयसीमा में कार्य पूर्ण न होने पर संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी.निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने, पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा योजनाओं का लाभ वास्तविक हितग्राहियों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने और कार्यों की प्रगति की सतत समीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए.इसी क्रम में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत घटेरा में तालाब जीर्णोद्धार कार्य का अवलोकन करते हुए सीईओ महोदय ने स्वयं श्रमदान कर जनभागीदारी का संदेश दिया. उनके इस कदम से ग्रामीणों में उत्साह का संचार हुआ और बड़ी संख्या में लोगों ने श्रमदान में भाग लिया.यह निरीक्षण एवं श्रमदान कार्यक्रम न केवल योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि जल संरक्षण एवं सामुदायिक भागीदारी को भी मजबूती प्रदान करता है.